मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 309, मुंबई, शनिवार, 3 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# पुलिस कंट्रोल रूम को आया धमकी भरा मैसेज

## धमाकों से दहलेगी मुंबई... 6 जगह रखे गए बम



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा मैसेज आया। मैसेज मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इस मैसेज में बताया गया कि मुंबई में 6 जगह बम रखे गए हैं। मैसेज के मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई हैं। मुंबई पुलिस मैसेज करने वाले का पता लगा रही है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, उनके हेल्पलाइन नंबर के वाट्सऐप नंबर पर ये मैसेज आया था। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने सिटी पुलिस और क्राइम ब्रांच एटीएस को इसकी सूचना दी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मनपा ने पेश किया 59954 करोड़ का बजट

इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य पर होगा सबसे ज्यादा खर्च



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश के सबसे अमीर नगर निगम बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने शुक्रवार को वित्तवर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। इस बार बीएमसी ने मायानगरी के लिए कुल 59,954.75 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। बीएमसी ने मुंबईकरों के लिए सड़क, स्वास्थ्य, पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए सबसे ज्यादा बजट आवंटित किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**मुंबई की सड़कें सीमेंट से बनेंगी :** 2024-25 में लगभग 209 किमी सड़कों का सुधार एवं सीमेंट कंक्रीटीकरण किया जायेगा। अब तक 1224 किलोमीटर सड़कों का कंक्रीटीकरण किया जा चुका है। 397 किमी सड़क के कंक्रीटिंग के लिए पांच निविदाएं (टेंडर) आमंत्रित की गई हैं और कार्य आदेश दिए गए हैं। इनमें से चार पर काम चल रहा है।

**गार्डन के लिए बजट किया आधा! :** वहीं, पुरानी कारों के निपटान के लिए एक नया स्क्रैप यार्ड विकसित करने की योजना है। इसके लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया जाएगा। वहीं, इस साल बीएमसी ने उद्यान विभाग के लिए 178.50 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो पिछले साल 354.39 करोड़ रुपये था।

एकनाथ शिंदे गुट के नेता महेश गायकवाड़ पर गोली चलाने के आरोप में...


# बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पास उल्हासनगर में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात कथित तौर पर शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट के नेता महेश गायकवाड़ पर गोली चला दी। यह घटना कथित तौर पर हिल लाइन पुलिस स्टेशन के अंदर हुई। गणपत गायकवाड़ ने कथित तौर पर भूमि विवाद को लेकर महेश गायकवाड़ पर गोली चलाई और उसे हिरासत में लिया गया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया को बताया कि महेश गायकवाड़ और उनके एक समर्थक को पांच गोलियां लगीं. सेना नेता महेश गायकवाड़ घायल हो गए और उन्हें ठाणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और एक प्राथमिकी दर्ज की गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मौत की खबरों के बीच प्रकट हुईं पूनम पांडे



## वीडियो जारी कर कहा मैं जिंदा हूं...झूठी हैं मौत की खबर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे की मौत की खबर झूठी निकली है। उन्होंने खुद वीडियो जारी कर ये बयान दिया है। उन्होंने फैंस से इसके लिए माफी भी मांगी है। उन्होंने ये वीडियो खुद अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने अपने इस वीडियो में कैंसर को लेकर भी बात की है। वह अपनी मौत की खबर से काफी परेशान नजर आ रही हैं। बता दें, 2 फरवरी को पूनम पांडे की मौत की खबर से सोशल मीडिया पर कोहराम मच गया था।

**हर कोई शॉक्ड था कि कैसे कोई 32 साल की इतनी कम उम्र में सर्वाइकल कैंसर से दुनिया को अलविदा कह सकता है। पूनम पांड़े ने अब जो वीडियो जारी किया है वह अपने खुद के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। उनके इस वीडियो को देख फैंस ने अब राहत की सांस ली होगी। बता दें, इससे पहले भी 2020 में पूनम का इंस्टाग्राम हैक हुआ था।**

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### विश्वास है, भक्त अंध हैं!

**अंतरिम** बजट पर टीवी चैनल-मीडिया का नैरेटिव समय की सच्चाई है। मतलब सरकार आत्मविश्वास में है। और आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार की वापसी है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोक लुभावन घोषणाओं की जरूरत नहीं लगी। अंतरिम बजट में न ठोस नीतिगत घोषणाएं है और न आंकड़ों की सच्चाई का खुलासा। और बावजूद इसके मोदी की महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों की चार जात की बात से चुनाव में चार सौ सीटें पक्की! निश्चित ही अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से प्रधानमंत्री मोदी अब चुनाव चिंता में नहीं हैं। इसलिए क्योंकि रामजी आ गए हैं। हिंदू राममय है और रामराज्य है ही। सो 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर हो गई। महिलाएं लखपति, नौजवान ब्याज मुक्त कर्ज से रोजगार के सपने देखते हुए हैं। आर्थिकी रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मोड में हैं तो इसके फंडामेंटल से ग्रोथ का इंजन प्रोपेल हो कर चंद्रयान की तरह भाग रहा है। देवलोक से पुष्प बरस रहे हैं और बहुत जल्दी भारत के 140 करोड़ विकसित लोग अमेरिकी लोगों की तरह स्पेसक्राफ्ट में घूमा करेंगे और ब्रह्मांड यात्रा से मंगल, शनि जैसे ग्रहों की बुरी नजर को दुरुस्त किया करेंगे। हां, मोदी है तो सब मुमकिन है। गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भाषण नहीं पढ़ रही थीं। उनकी वाणी से मोदीजी का आशीर्वाद प्रसारित था। तभी उन्होंने अपने भाषण में 42 बार प्रधानमंत्री को याद किया। और टीवी चैनल 2024 के अंतरिम बजट का भाष्य करते हुए भविष्यवाणी करते हुए थे कि मोदी अबकी बार 400 के पार! बहुत अच्छा! पर सवाल है 400 पार ही क्यों? (आखिर इतना तो राजीव गांधी का ही रिकॉर्ड है और वह भी लोगों की बिना अंधभक्ति के) जब रामजी, रामराज्य भारत की सरजमीं पर साकार है तो सभी 542 सीटों की जीत से क्यों नहीं तीसरी बार राजतिलक होना चाहिए? नरेंद्र मोदी और भक्त लोग क्यों लोकसभा की सभी सीटों पर जीत से संकोच कर रहे हैं? यदि कोई दिक्कत हो तो ईवीएम मशीन से मनचाहे परिणाम निकालने का दावा करने वाले दिल्ली के जंतर-मंतर पर जमावड़ा लगाते विशेषज्ञों की सेवा ले सकते हैं। उन्हें पटाना, डराना, समझाना, खरीदना भला क्या मुश्किल! कोई न माने मेरी यह बात या इसे मेरा व्यंग्य समझे लेकिन मैं चाहता हूं कि आजाद भारत के इतिहास में जितना जल्दी संभव हो वह सब हो जाना चाहिए जो पंद्रह सौ सालों के इतिहास में लगातार हुआ है। ताकि पचास साल बाद की हिंदू बुद्धि में यह सत्य अंततः घुसे कि भक्ति, अंधभक्ति, कथित अवतारों, झूठ और मूर्खताओं से न आजादी सुरक्षित रहती है और न राम तथा रामराज्य की दिव्यता बनती है। मतलब नरेंद्र मोदी का मौजूदा वक्त पचास साल बाद यह सबक बनाए हुए हो कि एक व्यक्ति विशेष की ऊंगली पर कौम की किस्मत, उसकी अंध भक्ति और अवतारों का झूठ अंततः गुलामी और कलियुग को न्योता है। संभवतया तब हिंदू विवेकशील बने और बुद्धि में सियासी चैतन्यता घुसे। विषयांतर हो गया है। असल बात अगले लोकसभा चुनाव में मोदी का आत्मविश्वास बोलता हुआ होगा। मैं लंबे समय से भक्त हिंदुओं में नरेंद्र मोदी की अवतार रूप में प्राण प्रतिष्ठा होते बूझ रहा हूं। और बहुत लिखा भी है। लेकिन अब वे अंध भक्तों में पूरी तरह स्थापित हैं। रामजी आ गए हैं। तभी उनके डायलॉग भी बदलते हुए हैं। वही उन्हें अंतरिम बजट में लोक लुभावन घोषणाओं की जरूरत नहीं लगी।

# प्रदेश में बहेगी विकास की नदियां : डिप्टी सीएम पवार

## 3 करोड़ की परियोजना का भी किया भूमि पूजन

**मुंबई हलचल/ सुरेश कोहली**

**जलगाँव।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पदलसारे में लोअर तापी परियोजना में महा उटी को निर्वाचित करने में मदद करने की अपील की है। अजित पवार 97 वें साहित्यिक सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अमलनेर आए थे। ग्रंथ दिंडी के शुरू होने तक वे पदलसारे बांध गए और उसका निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी जानने के बाद कुछ सुझाव भी दिए गए। मंच पर जल आपूर्ति व स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटिल, शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल, कलेक्टर आयुष प्रसाद, अधीक्षण अभियंता भदाणे भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पवार ने कहा कि अगर हम सरकार में शामिल नहीं होते तो पडलसारे बांध में देरी हो जाती। जलगांव और धुले जिले में आर्थिक स्थिरता लाने के लिए इस परियोजना को अधूरा नहीं रहने दिया जाएगा। 5 सरकारी उपसा सिंचाई योजनाएं और 2 सहकारी उपसा योजनाएं सरकार द्वारा अपने अधीन ले ली जाएंगी और उन्हें शुरू करने के लिए केंद्र से मदद की आवश्यकता होगी। तापी के जल बंटवारे का मसला अध्ययन और चर्चा से सुलझाया जाएगा। इस अवसर पर अनिल पाटिल ने कहा कि





तापी परियोजना जलगांव धुले जिले के कुछ गांवों के लिए बहुत परिवर्तनकारी सिद्ध होने वाली है। सुप्रमा और फंड के बल पर आसपास के गांवों के किसानों के लिए बहुत फायदा होगा। प्रस्ताव को केंद्रीय जल आयोग की मंजूरी के लिए केंद्र को भेज दिया गया है। बांध का काम 2025 तक पूरा हो जाएगा। जल्द ही उपसा संचयन योजना का टेंडर भी निकाला जाएगा। एनसीपी तहसील अध्यक्ष भागवत पाटिल, पडलसारे बांध संघर्ष समिति के सुभाष चौधरी, महेंद्र बोरसे, संजय पाटिल, रंजीत शिंदे ने उप मुख्यमंत्री अजित पवार का जोरदार स्वागत किया गया। मंच संचालन में विनोद कदम की अहम भूमिका रही। 2 जनवरी को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बचे हुए 3 करोड़ रुपये के काम का भूमि पूजन अजित पवार ने किया। 2005 से पहले नियुक्त टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ ने पुरानी पेंशन के लिए उप मुख्यमंत्री के समक्ष मांग भी रखी। पवार ने कहा कि इस संबंध में जीआर में प्रावधान किया जाएगा।

# अयोध्या धाम के पंडित राज कुमार शास्त्री ने वरिष्ठ समाज सेवी व पत्रकार डॉ अरविंद वर्मा को किया सम्मानित

## मां तारा शक्तिपीठ प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**खगड़िया (बिहार)।** राम लल्ला नगरी अयोध्या धाम (उत्तर प्रदेश) से पधारे पंडित राजकुमार शास्त्री ने श्री श्री 108 मां तारा शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बने सुसज्जित यज्ञ मंडप स्थल पर समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अरविंद वर्मा को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। अयोध्या धाम के पंडित राज कुमार शास्त्री ने डॉक्टर वर्मा को शुभाशीष देते हुए कहा कि इनके द्वारा किए जा रहे समाज सेवा एवं प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सनातन धर्म को प्रचारित और प्रसारित कर जनमानस का कल्याण किया और सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं। धर्म की रक्षा के लिए सोशल मीडिया के जमाने में प्रचार प्रसार बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि आज हर बच्चे के हाथ में स्मार्टफोन आ गया है। आगे पंडित राज कुमार शास्त्री ने कहा सोशल



मीडिया के जमाने में खासकर युवा वर्गों में काफी भटकाव आ रहा है। हमारी संस्कृति को छिन्न भिन्न करने के लिए विदेशी संस्कृतियां काफी हावी हो चुकी है। इसलिए वर्तमान परिस्थिति में देश में धर्म की रक्षा करना निहायत जरूरी हो गया है। क्योंकि हर धर्म के अनुयायी अपने अपने धर्म की रक्षा के लिए कृत संकल्पित हैं। मगर, दुःख है आज हमारे हिंदू समाज में अभी भी लोगों को जागृत करने की आवश्यकता पड़ गई है। पंडित राजकुमार शास्त्री ने डॉ वर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि एक वरिष्ठ नागरिक होते हुए समाज सेवा और लेखन कार्य में सक्रिय रहना, अपने आप में एक उदाहरण है। आज के युवा वर्गों को डॉ वर्मा जैसे योद्धा से सीख लेने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर मौजूद धनबाद (झारखंड) के आचार्य मुकेश मिश्रा ने डॉ अरविन्द वर्मा को अपना आशीर्वचन दिया और कहा भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक कार्यक्रमों का प्रसारण जनहित में निरंतर किया करें, माता रानी की कृपा आप पर बनी रहेगी। उक्त अवसर पर मौजूद थे पंकज कुमार, नीरज कुमार, संजीव डोम, बाबा अर्जुन, राजेश पाठक, दिलीप शर्मा, अक्षय कुमार आदि। सनद रहे, श्री श्री 108 मां तारा शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।




# अवैध निर्माण से लाभ अपार, बढ़ाता गया भ्रष्टाचार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कौसा /मुंब्रा /ठाणे।** जिला एवं महानगरपालिका के अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र अवैध भवन निर्माण का गढ़ बन गया है। जो कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का बोलता सबूत है और दुर्भाग्यपूर्ण भी। रही प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कारवाई, तो वह केवल बही खाता तक ही सीमित रहता है? बीते दिनों इसी समाचार पत्र में लिखा गया था कि कौसा क्षेत्र में स्थित साहिल होटल के पीछे एक अवैध रूप से भवन निर्माण का काम चल रहा है। जिसकी जानकारी मनपा प्रशासन को दी गई थी किन्तु, इस अवैध निर्माण पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है? ऐसा कब तक चलता रहेगा? कक्या मनपा प्रशासन सरकार से पगार लेता है या बिल्डरों से?

## लावारिस गाड़ियों से परेशान, मुंबई यातायात ने लिया संज्ञान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महानगर की यातायात पुलिस ने अपने पत्र में, जो कि खबर एजेंसी को दी गयी है, इसमें आम लोगों से आग्रह किया है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लावारिस हालत में पड़ी हुई गाड़ियां जिस किसी की भी है वह इसी फेब्रुवरी महिने की 15 तारीख तक स्वयं की गाड़ी का क्लेम कर अपनी-अपनी गाड़ियां ले जाएं कसाथ ही अपना गाड़ी तथा स्वयं से संबंधित कागजात प्रस्तुत करें और वैध कागज दिखाकर अपनी अपनी गाड़ियां ले जाएं कअथवा मुंबई की यातायात पुलिस व्यवस्था तमाम इस तरह की लावारिस गाड़ियों को नीलाम कर देगी। इस संबंध में यातायात विभाग का कहना है कि बहुत सारी गाड़ियों की जानकारी वह अपने वेबसाइट पर जारी कर चुके हैं। जिसकी संख्या 3,901 बताई गई है और जिसे आसानी के साथ गाड़ी मालिक अपनी-अपनी गाड़ियों की पहचान कर सकते हैं।

ऐसे गाड़ी मालिक वर्ली के पोचखानवाला रोड स्थित मुंबई ट्राफिक मुख्यालय में जाकर निरीक्षक (मीडिया सेल) से मिलकर अपने मामले निपटाए।

## ध स्कोलर्स हाई स्कूल जोगेश्वरी का 30 वां सालाना एन्युअल डे फंक्शन हुआ शानदार

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी वेस्ट हीलपार्क में मौजूद अब्दूल कलाम ट्रस्ट द्वारा संचालित ध स्कोलर्स हाई स्कूल, कॉलेज की तरफ से 30 वां सालाना एन्युअल डे फंक्शन मुंबई जोगेश्वरी के लंडन बैंक्वेट में शानदार हुआ। इस मौके पर चीफ गेस्ट ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफीसर, गेस्टऑफ होनर एड्यूकेशन डायरेक्टर सय्यद तनवीर अहमद बेंगलूर, नात ख्वां डॉक्टर दानीश दार, मौजूद रहे। महेमाने खुसुशी में ऑल इंडिया मेमन जमात



फेडरेशन के युथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रुटवाला, फिलांथ्रोपीस्ट डायरेक्टर इम्तियाज नंनदोलिया, एड्यूकेशन ऑफीसर नीशार खांन, यु आई डी हेड आशीफ मल्कानी, अंधेरी सबर्बन हालाई मेमन जमात के प्रेसिडेंट रजाक चुनावाला, नवनाथ वनावे, मौजूद रहे। साथ में अब्दूल कलाम ट्रस्ट के ट्रस्टी महेमूद पदियार, महेफुज सिद्दीकी, के साथ साथ कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। ध स्कोलर्स हाई स्कूल और कॉलेज के बच्चों ने स्टेज पर बेहतरीन परफॉर्मेंस किया। जिसमें बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, डांस परफॉर्मेंस, नात शरीफ, लेक्चर, जैसे स्टेज प्रोग्राम को अंजाम दिया। स्कोलर्स हाई स्कूल की तरफ से मेहमानों का शोल पहनाकर और गुलदस्ता देकर पूरजोश इस्तकबाल किया गया। और पिछले साल अच्छे मार्क्स से पास हुए बच्चों को ट्रोफी और सर्टिफिकेट देकर होंसला अफजाई की गई।

## कराटे चैंपियनशिप में मोनिका को गोल्ड



**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** खंड के गांव सफेदार नगर निवासी कृष्ण यादव की सुपुत्री मोनिका यादव ने द्वितीय इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल हासिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार विजेता खिलाड़ी का पटौदी रेलवे स्टेशन पर ग्रामीणों की तरफ से 21 हजार की नोटों की माला व बुक्के देकर जोरदार स्वागत किया है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार,विनोद कुमार,सुनील,प्रदीप कुमार,प्रवीण यादव,सरोज,रणबीर उर्फ लूटी,जगराम सिंह(कल्लू) सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार उक्त विजेता खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर संस्था क्राइम दस्तक ट्रस्ट जल्द ही सम्मानित करेगी। फिलहाल बधाई देने का वालों का तांता लगा हुआ है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### पुलिस कंट्रोल रूम को आया धमकी भरा मैसेज

सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस ने कुछ संदिग्ध जगहों की तलाशी भी ली है, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला है। इस मामले में देर रात ज्वाइंट सीपी ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। इस मामले की जांच सिटी पुलिस के साथ साथ क्राइम ब्रांच भी कर रही है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि जिसने भी ये हरकत की है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिस नंबर से ये मैसेज भेजा गया है, वह नंबर सर्विलांस पर लगाया गया है। मोबाइल लोकेशन का पता लगते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, पुलिस अफसरों ने ये आशंका जताई है कि संभवतः शरारत करते हुए किसी ने ये हरकत की है। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, इससे पहले भी मुंबई पुलिस को ऐसे कॉल आ चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में मुंबई पुलिस को ऐसे ही कॉल आए थे। वहीं पिछले साल अगस्त में मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को कॉल करके एक शख्स ने जानकारी दी कि मुंबई की एक लोकल ट्रेन में बम ब्लास्ट होने वाला है। शख्स ने मुंबई पुलिस को बताया था कि ट्रेन में बम हैं। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी का नाम अशोक मुखिया था, वह बिहार के सीतामढ़ी जिले का रहनेवाला था। अशोक ने शराब के नशे में कॉल किया है।

### एकनाथ शिंदे गुट के नेता महेश गायकवाड़ पर गोली चलाने के आरोप में बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ गिरफ्तार

रिपोर्टों के अनुसार, भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ शुक्रवार को हिल लाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल जगताप के हॉल में बातचीत कर रहे थे, तभी भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ के समर्थकों ने झड़प की और महेश गायकवाड़ पर गोलियां चला दीं। घटना में शिवसेना विधायक महेश गायकवाड़ बुरी तरह घायल हो गए हैं और उनका इलाज ठाणे के ज्यूपिटर अस्पताल में चल रहा है। गणपत गायकवाड़ मुंबई से लगभग 40 किमी दूर कल्याण में कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी पार्टी महाराष्ट्र सरकार में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की सेना के साथ गठबंधन में है। डीसीपी सुधाकर पठारे ने कहा महेश गायकवाड़ और गणपत गायकवाड़ के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हो गया और वे शिकायत करने के लिए पुलिस स्टेशन आए। उसी समय उनके बीच बातचीत हुई और गणपत गायकवाड़ ने महेश गायकवाड़ और उनके लोगों पर गोली चला दी। जांच चल रही है। एडिशनल सीपी शिंदे के मुताबिक, गणपत गायकवाड़ का बेटा जमीन विवाद के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन आया था, तभी महेश गायकवाड़ अपने लोगों के साथ पहुंचे। बाद में गणपत गायकवाड़ भी थाने पहुंचे।

### मनपा ने पेश किया 59954 करोड़ का बजट

बीएमसी कमिश्नर और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक इकबाल सिंह चहल ने बीएमसी का वार्षिक बजट पेश किया, जो पिछले बजट 2023-24 की तुलना में 10.50 फीसदी अधिक है। बीएमसी का पिछले साल का अनुमानित बजट 54,256.07 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024-25 के लिए कुल राजस्व आय 712315.13 लाख अनुमानित है। इस बार बजट में बेस्ट के लिए सब्सिडी के रूप में 800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट के लिए 2,900.97 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। जो पिछले बजट में 3,545 करोड़ रुपये था। बीएमसी ने सड़कों और जल परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर सबसे ज्यादा खर्च करने की योजना बनायीं है। बजट में स्वास्थ्य विभाग के लिए 1915.12 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पूल विभाग के लिए 4852.03 करोड़ रुपये रुपये निर्धारित किए हैं। वहीँ, जल आपूर्ति परियोजना विभाग को 2448.43 करोड़ रुपये दिया गया है। वहीँ, शहर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के लिए 4878.37 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बीएमसी बजट में मुंबई फायर ब्रिगेड के लिए 689.99 करोड़ रुपये आवंटित किये गए है। सड़क एवं परिवहन परिचालन विभाग को 4350.96 करोड़ रुपये दिए है।

## खबर संक्षेप

### 'तमिलगा वेट्री कजम' विजय ने की लॉन्च



**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार थलापति विजय ने शुक्रवार को राजनीति में कदम रख दिया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम भी अनाउंस कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'तमिलगा वेट्री कजम' रखा है। विजय ने कहा, हम 2024 का चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं।

### जल्द निकलेगा सीट बंटवारे का हलः राहुल



**बहरामपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' में अंतर्कलह देखने को मिल रही है। कांग्रेस पर टीएमसी समेत कई साथी पार्टियां हमलावर हैं। राहुल गांधी के बयान के बाद गठबंधन में कुछ ठीक होता दिख रहा है। टीएमसी के साथ सीट-बंटवारे का हल निकाल लेंगे।

### महाराष्ट्र-एमपी में 11 ठिकानों पर छापेमारी

**मुंबई।** धनशोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 11 ठिकानों पर छापेमारी की। यूको बैंक कन्सॉर्टियम के साथ करीब 110 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में ईडी के अधिकारियों ने एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया।

# हिमाचल में फैक्ट्री में भयंकर आग




### 40 सदस्यों की एनडीआरएफ पहुंची

*बद्दी। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में अरोमा एरोमैटिक एंड फ्लेवर कॉस्मेटिक फैक्ट्री में आग लगी है। यहां पर कारखाने में 24 मजूदर आग में झुलस गए हैं। 4 गंभीर मजदूरों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। 3महिलाएं आग से बचने के लिए दूसरी मंजिल कूद गई हैं, जिन्हें चोट लगी है। पंजाब और हिमाचल की 50 के करीब दमकल गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंची हैं। एनडीआरएफ की 40 सदस्यों की टीम भी मौके पर राहत बचाव में जुटी है। अब तक 32 घायल लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 24 लोग अब भी लापता हैं।*

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य अस्पताल में भर्ती



**आगरा।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आगरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि फेफड़ों में इंफेक्शन के कारण पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत में सुधार है। हाथरस के गांव लाडपुर में श्रीराम कथा चल रही है। शुक्रवार को आखिरी दिन था।


कांग्रेस नेता आचार्य ने शिलान्यास के बाद कहा

# पीएम मोदी दैवीय शक्ति के प्रतीक उनसे मिलना कोई गुनाह नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात भी की है। मुलाकात के बाद उठ रहे सवालों का भी उन्होंने जवाब दिया है। आचार्य ने कहा है कि 'भारत के पीएम से मिलना कोई गुनाह नहीं है, उन्हें श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित करना भी कोई गुनाह नहीं है और अगर यह गुनाह है तो मैं इसकी सज़ा भुगतने के लिए तैयार हूं। उन्होंने पीएम मोदी को दैवीय शक्तियों का प्रतीक भी बताया है।

### करोड़ों भक्तों की भावनाओं का सम्मान



उन्होंने कहा कि 'श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह का आमंत्रण देने मैं पीएम मोदी के पास गया था। मुझे खुशी है पीएम ने मेरे निमंत्रण को स्वीकार किया। श्री कल्कि धाम के करोड़ों लोग बहुत खुश हैं। सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की ये भावना थी कि जिस तरह श्री राम के मंदिर का काज मोदी जी के कर कमलों से हुआ,उसी तरह श्री कल्कि नारायण भगवान के सभी कार्य प्रधानमंत्री जी के हाथों से करवाए जाएं।

### सनातन के सेवक के रूप में है पहचान

आचार्य ने कहा कि मैं आदरणीय मोदी से पहली बार मिला हूं। मुझे ये कहने में कतई संकोच नहीं है कि उनके ऊपर निश्चित ही किसी दैवीय शक्ति की कृपा है, जो अनुभूति मुझे उनसे मिलकर हुई है, उसके बाद मैं ये कह सकता हूं कि वे एक दैवीय शक्ति के प्रतीक हैं। उस एहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि 'मेरी पहचान सनातन के सेवक के रूप में है। मैं भारत के साथ हूं। सनातन सत्य व शाश्वत है।

## केजरीवाल के प्रदर्शन पर भाजपा का हमला, जांच से भागने का आरोप

# सभी के लिए कानून समान, पापों का होगा हिसाब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा ईडी की जांच में शामिल न होने पर दिल्ली भाजपा ने जांच से भागने का आरोप लगाया है। भाजपा की प्रदेश सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ईडी के नोटिस को अवैध बता रहे हैं तो फिर उन्हें न्यायालय का रुख क्यों अभी तक नहीं किया है? उन्होंने कहा कि देश का कानून एक सामान्य व्यक्ति और मुख्यमंत्री को समान अधिकार देता है, इसलिए यह अरविंद केजरीवाल के अधिकार क्षेत्र में नहीं है तय करना समन अवैध है या गैर कानूनी है। इसके लिए अदालत में जाना चाहिए।

### भाजपा की प्रदेश सचिव बांसुरी ने सुनाई खरी-खरी

**खास बातें**

- समन की वैधता पर सवाल कैसा? कोर्ट क्यों नहीं जाते मुख्यमंत्री?
- कानून की नजर में छोटे-बड़े सभी लोग एक समान माने गए हैं
- भ्रष्टाचार नहीं किया तो कई नेता मंत्री जेल में क्यों

### बार-बार क्यों भाग रहे वे, कई नेताओं को जमानत नहीं मिल रही



स्वराज ने कहा कि केजरीवाल को शोभा नहीं देता कि सीएम होने के बाद भी जांच से भागने का वह बार-बार प्रयास कर रहे हैं। शराब घोटाले में कोर्ट ने कहा है कि 90 से 100 करोड़ रुपए पिछले दरवाजे से वापस लिए हैं। इस देश की विभिन्न अदालत भ्रष्टाचार में लिप्त आप नेताओं को जमानत नहीं दे रही है। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को अभी तक जमानत नहीं मिली है।

### केजरीवाल ने भाजपा दफ्तर किया कूच

### भाजपा सत्ता के लिए देश को बेच सकती है, सबूत भी मिल चुका



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई में आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ पार्टी दफ्तर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने भाजपा मुख्यालय की ओर कूच किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने भाजपा पर हमला करते हुए वोटों की चोरी करने वाला बताया और कहा कि अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के लिए देश बेच सकती है, लेकिन उसके पाप का घड़ा भर चुका है।

## बीएमसी का 60 हजार करोड़ का बजट पेश

# गोरेगांव से मुंबई प्रोजेक्ट के लिए 1870 करोड़, सड़क पर फोकस

मुंबई हलचल / मुंबई

बृहन्मुंबई नगर निगम ने शुक्रवार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घोषित कुल बजट 59,954 करोड़ है। यह राशि पिछले वर्ष के कुल बजट आवंटन 54,256.07 करोड़ से 10.5 फीसदी ज्यादा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित राजस्व आय 35,749.03 करोड़ है। वहीं सरप्लस बजट 58.22 करोड़ की घोषणा की गई है। बजट में वायु प्रदूषण, सड़क और गोरेगांव-मुंबई प्रोजक्ट पर खासा फोकस किया गया है। बीएमसी ने वायु प्रदूषण से निपटने



के लिए इस साल एक जलवायु बजट विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा है, जो शहर की पहली ग्रीन बजट बुक होगी। वहीं गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड परियोजना के लिए 1870 करोड़ का आवंटन किया गया है।

## नवागंतुक पुलिस उपमहानिरीक्षक नें कानपुर पीएसी अनुभाग का कार्यभार ग्रहण किया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**प्रयागराज।** शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी अनुभाग कानपुर राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी अनुभाग कानपुर का कार्यभार ग्रहण किया करीब साढ़े तीन वर्ष से अधिक अवधि तक सेनानायक 34वीं



वाहिनी पीएसी का दायित्व संभालने के बाद डॉ श्री मिश्रा का 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर कानपुर नगर स्थानान्तरण हो गया, जहां आज पुलिस अधिकारियों ने उनका अभिनंदन कर स्वागत किया। वर्तमान में श्री मिश्र, प्रयागराज में माघ मेले का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे हैं उल्लेखनीय है कि महोदय द्वारा विगत 3 वर्षों से माघ मेला प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराया गया। एवं वर्तमान में भी माघ मेला प्रभारी के दायित्व का निर्वहन करते हुए मेला सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।

## जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने बे मुद्दत अनशन को जयश्रीताई शेळके का समर्थन






**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सचिव जयश्रीताई शेळके ने 2 फरवरी, 2024 को जिला कलेक्टर के सामने बे मुदत्त अनशन के मंडप पर भेट देकर अनशन को समर्थन दिया। साथ ही अनशनकारियों से मांगों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव सुनील सपकाळ उपस्थित थे। धनगर समाज अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नंदू लवांगे ने पिछले पांच दिनों से अनशन जारी है। धनगर समाज के आरक्षण को लागू करने को लेकर प्रदेश में दिन-ब-दिन भावनाएं तेज होती जा रही हैं। धनगर समुदाय के सदस्य बड़े पैमाने पर चरवाहे, छोटे भूमिधारक और भूमिहीन हैं। समुदाय की आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति खराब होने के कारण अनशनकारी नंदू लवांगे ने मांग की है कि अनुसूचित जनजाति का आरक्षण तुरंत लागू किया जाना चाहिए। जयश्रीताई शेळके ने उनकी भूख हड़ताल का समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मांग सही है और इस मामले को विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार और विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के समक्ष उठाया जाएगा। चिखली, रायपुर थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का समर्थन करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मांग को लेकर पत्रकार पुरूषोत्तम बोर्डे, इसरार देशमुख ने 26 जनवरी से अनशन जारी है। जयश्रीताई शेळके ने अनशनकारियों से मुलाकात की और उनकी मांगों पर चर्चा की।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# इंडिया पर की गई टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी, भाजपा नेता का फूंका पुतला

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** इंडिया गठबंधन नेताओं के विरुद्ध गलत टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एस्लेहाल चौक पर भाजपा उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला फूंका। शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ता 11 बजे राजपुर रोड कांग्रेस भवन में एकत्र हुए। यहां से रैली निकालकर एस्लेहाल चौक पहुंचे और पुतले को आग के हवाले किया। इस दौरान कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी ने आरोप लगाए कि भाजपा उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने विपक्षी नेताओं पर घोर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे वे तत्काल माफी मांगें। आरोप लगाए कि भाजपा नेताओं का आचरण ही भ्रष्ट है। भाजपा नेता अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। ऊपर से दावा करते हैं कि हम संस्कारित पार्टी हैं। कहा



भाजपा नेता केवल धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं, नफरत फैलाते हैं और धर्म की आड़ में ही अपने दोषपूर्ण आचरण को छुपाते हैं। पुतला फूंकने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, नवीन जोशी, संजय शर्मा, प्रवीण भारद्वाज, वकार अहमद, केतन रावत, संजय गौतम, अशोक कुमार, गोपाल सिंह, मुकेश रेगमी, संजय भारती, रिपूदमन सिंह, अभिषेक तिवारी, देव सिंह नेगी, राजेश उनियाल, उदय सिंह आदि उपस्थित रहे। विकासनगर में भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम द्वारा आइएनडीआइए गठबंधन पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने भाजपा का पुतला फूंक कर रोष जताया। इस दौरान पछवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा भ्रष्ट राजनीतिक संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं, जो पार्टी के पदाधिकारियों के व्यवहार से प्रकट होता है। उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने जिस भाषा का प्रयोग आइएनडीआइए गठबंधन के लिए किया है, वह घोर आपत्तिजनक है। जिलाध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि जो नेता जितना समाज में जहर घोलेगा, उसे उतना बड़ा पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घमंड रावण को भी हुआ था, घमंड हिटलर को भी हुआ था, घमंड अंग्रेजों को भी हुआ था, मगर इतिहास के पन्ने पलट कर देखिए, घमंड का हर एक प्रतिनिधि बस दुर्गति की भेंट ही चढ़ता चला गया।

# सभी धर्मों में तलाक के लिए होगा एक कानून, लिव इन रिलेशनशिप के लिए बनेगा यह सख्त नियम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** समान नागरिक संहिता का बहुप्रतीक्षित ड्राफ्ट शुक्रवार को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (सेनि) के नेतृत्व में विशेषज्ञ समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। समिति ने तलाक, तलाक के बाद भरण पोषण और बच्चों को गोद लेने के लिए सभी धर्मों के लिए एक कानून की संस्तुति की है। सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य करने का प्रस्ताव किया गया है। बहुपत्नी प्रथा समाप्त कर एक पति, पत्नी का नियम सभी पर लागू करने की समिति ने संस्तुति की है। प्रस्तावित ड्राफ्ट में हलाला पर रोक लगाई गई है। कानून लागू होने के बाद हलाला हुआ तो तीन साल की सजा व एक लाख के जुमार्ने के प्रविधान की संस्तुति की गई है। वहीं, लिव इन रिलेशनशिप में पंजीकरण न कराने पर छह माह की सजा और 25 हजार के जुमार्ने की संस्तुति भी ड्राफ्ट में है। प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता की परिधि से बाहर रखा गया है। माना जा रहा है कि इनकी परंपराओं व संस्कृति को बरकरार रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। समिति से ड्राफ्ट मिलने के बाद इसे शनिवार को मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने के लिए पांच फरवरी को विधानसभा का सत्र भी आहूत किया है।

**ड्राफ्ट चार खंडों में, इसमें हैं 740 पृष्ठ**

मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट सौंपे जाने



के अवसर पर समिति की अध्यक्ष जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (सेनि) के अलावा चार सदस्य जस्टिस प्रमोद कोहली (सेनि), पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल व सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ और समिति के सचिव रंजन मिश्रा उपस्थित रहे। ड्राफ्ट चार खंडों में है और इसमें 740 पृष्ठ हैं। सूत्रों के अनुसार समिति की प्रमुख संस्तुतियों में संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान अधिकार सभी धर्मों में लागू रहेगा। अन्य धर्म या जाति में विवाह करने पर भी लड़की के अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकेगा। लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। समिति ने लव जिहाद, विवाह समेत महिलाओं और उत्तराधिकार के अधिकारों के लिए सभी धर्मों के लिए समान अधिकार की मुख्य रूप से संस्तुति की है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना प्रदेश की भाजपा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने इसका ड्राफ्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस के बाद दो उप समिति बनाई गई। एक समिति ने संहिता का प्रारूप तैयार करने का कार्य किया तो दूसरी उप समिति ने बैठकों के माध्यम से प्रदेशवासियों से इसके लिए सुझाव लिए। 20 माह में समिति अब इस कार्य को पूरा कर चुकी है। चमोली जिले के जनजातीय माणा गांव से की। इस अवधि में समिति ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों व समुदायों के साथ 43 जनसंवाद समेत 72 बैठकों व आनलाइन माध्यम से सुझाव लिए। समिति को 2.33 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। समिति ने समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट हिंदी व अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में तैयार किया है। समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट मिलने के बाद अब इसे कानूनी रूप देने की प्रक्रिया पर भी सरकार आगे कदम बढ़ा रही है। शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर मुहर लगेगी। पांच फरवरी से आहूत विधानसभा सत्र में छह फरवरी को समान नागरिक संहिता से संबंधित विधेयक को सदन के पटल पर रखा जाएगा।

**चार बार बढ़ाया गया समिति का कार्यकाल**

समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति का कार्यकाल छह माह रखा गया। इसके कार्य की अधिकता को देखते हुए सरकार ने चार बार इसका कार्यकाल बढ़ाया। पहला कार्यकाल 28 नवंबर 2022 में छह माह के लिए बढ़ाया गया। इसके बाद नौ मई 2023 को यह कार्यकाल चार माह के लिए बढ़ाया गया। इसके बाद 22 सितंबर को यह कार्यकाल फिर से चार माह के लिए बढ़ाया गया।

## आर्मी ऑफिसर की वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने वाले युवक पर पुलिस ने की कार्रवाई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुड़की।** इंस्टाग्राम पर आर्मी की वर्दी में फोटो और वीडियो पोस्ट करने के आरोपित युवक को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही युवक के बारे में गहनता से पड़ताल की जा रही है। आर्मी इंटेलिजेंस को शिकायत मिली थी कि एक युवक ने इंस्टाग्राम पर आर्मी की वर्दी में फोटो और वीडियो पोस्ट की है। बुधवार की शाम आर्मी इंटेलिजेंस ने युवक को रुड़की के एमएच तिराहे के पास से पकड़ लिया और सिविल लाइंस कोतवाली ले आई। पुलिस की पूछताछ में आरोपित युवक मनमोहन यादव निवासी गांव देहना, थाना अल्लागंज, जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह पिछले आठ माह से रुड़की गणेशपुर में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। उसने स्वजन व अपने दोस्तों को सेना में भर्ती होने की बता कही और वह गांव में युवकों को सेना की तैयारी भी कराता था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के पास सेना की वर्दी समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किए। युवक के मोबाइल की जांच में इंस्ट्राग्राम पर उसकी सेना की ड्रेस में कई फोटो और वीडियो मिली। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मनमोहन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार को आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## खतरे को बुलावा दे रहा यह स्टेशन, कभी भी लग सकती है सेंध

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी का रेलवे स्टेशन सुरक्षा के लिहाज से असुरक्षित है, जिसके चलते यहां पर किसी भी समय सेंध लग सकती है। देहरादून रेलवे स्टेशन का सुरक्षा आडिट करने पहुंची सुरक्षा एजेंसियों की टीमों ने यहां तमाम तरह की खामियां पाई हैं। सुरक्षा मानकों की स्थिति यह है कि पूरे रेलवे स्टेशन पर कुल 15 सीसीटीवी कैमरे ही हैं, जो सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी काम के नहीं हैं। साथ ही कंट्रोल रूम में एक भी कर्मचारी तैनात नहीं रहता है। कैमरों पर निगरानी रखने के लिए बनाए गए कमरे में ताला लटकता रहता है। स्टेशन की दीवारें भी हर दिशा में टूटी हुई हैं। इनमें से कुछ दीवारें तो रेलवे के कर्मचारियों ने ही अपने वाहनों को अंदर लाने के लिए सही नहीं होने दीं। वर्ष 2019 के बाद शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर आइबी, जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे, पुलिस अधिकारियों की टीमों ने सुरक्षा आडिट किया। इस दौरान उन्होंने टिकट काउंटर हाल, बाहर की दीवारों, प्रवेश द्वार, पार्सल आफिस, क्लाक रूम, प्लेटफार्म आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा में कई तरह की खामियां पाई गईं। सबसे बड़ी खामी स्टेशन में लगे कैमरे हैं। इसके अलावा चारों तरफ की दीवारें टूटी हुई हैं, जहां से स्थानीय और रेलवे कर्मचारी अपने वाहनों को प्लेटफार्म पर लेकर आ जाते हैं। यह नियमों के विपरीत पाया गया है। अधिकारियों ने सभी खामियों को सुरक्षा में खतरा बताते हुए रिपोर्ट में तैयार की है, जो कि रेलवे मंत्रालय को सौंपी जाएगी। जीआरपी के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन की पूर्वी और पश्चिमी दिशा की दीवारें टूटी हुई हैं। इसकी वजह से अधिकतर असामाजिक तत्व स्टेशन परिसर में घुस आते हैं। इसकी वजह से यहां चोरी, लूट जैसी घटनाएं होती हैं। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। इस मौके पर जीआरपी के सीओ स्वप्निल मुयाल, जीआरपी निरीक्षक टीएस राणा, स्टेशन अधीक्षक रविंदर कुमार, सीएमआइ एसके अग्रवाल, रेलवे सुरक्षा बल के सीओ वीके मिश्रा, एसएलओ स्मिता परमार, सीओ सिटी नीरज सेमवाल आदि मौजूद रहे।सुरक्षा एजेंसियों की टीमों ने रेलवे बोर्ड को पूर्वी दिशा में होम सिग्नल तक 400 मीटर लंबी और आठ से 10 फीट ऊंची दीवार बनाने का सुझाव दिया है। दीवारों पर फेंसिंग तीन फीट ऊंची करने के लिए कहा है। इसके अलावा सुरक्षा आडिट कमेटी की टीम ने मसूरी बस स्टैंड के पास पार्किंग की क्षतिग्रस्त दीवारों को भी ऊंचा कराने और दीवार को आठ फीट ऊंची करने के साथ ही तीन फीट ऊंची फेंसिंग करने का सुझाव दिया है। सुरक्षा के लिहाज से रेलवे स्टेशन पर आइटीजेड कैमरे लगाए जाने थे, जबकि इनकी जगह बुलेट कैमरे लगा दिए गए। यह कैमरे सिर्फ दो मेगा पिक्सल के कैमरे हैं, जिससे प्लेटफार्म पर विचरण करने वाले लोगों के चेहरे तक साफ नजर नहीं आ रहे हैं। इसके साथ ही कैमरे गलत दिशा में लगाए गए हैं, जिसके लिए कमेटी ने दिशा बदलने को कहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# खून के अशुद्ध और गाढ़ा होने की समस्या को इन नुस्खो से करें दूर

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास अपने लिए समय ही नहीं है। जिससे गलत डाइट और एक्सरसाइज न करने का सीधा असर सेहत पर दिखाई देता है। समय पर खाना न खाना या व्यायाम न करने पर बीमार पड़ता तो जाहिर सी बात है लेकिन गलत-खान पान के कारण आप रक्त विकारों का शिकार भी हो सकते है। खून शरीर के अंगो में ऑक्सीजन सप्लाई करके आपको स्वस्थ रखता है। ऐसे में खून में गड़बड़ी रक्त के थक्के जमना या खून के गाढ़ा होने से आप कोलेस्ट्रॉल और दिल के रोग जैसी बीमारियों की चपेट में भी आ सकते है। कुछ लोग तो इस समस्या को दूर करने के लिए दवाइयों तक का सेवन करते है लेकिन कुछ कारगार घरेलू तरीके से भी इन रक्त विकारों को दूर किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप रक्त विकारों को बिना किसी नुकसान के दूर कर सकते है।



**रक्त विकार के कारण**
आयरन की कमी
अनुवांशिक
कमजोर लीवर
हार्मोन बदलाव
गलत आहार
डायबिटीज
तनाव
पानी की कमी

**रक्त विकार के लक्षण**
लगातार बीमार रहना
भूख ना लगना
वजन कम होना
त्वचा रोग
दृष्टि कमजोर हो जाना
बाल झाड़ना
प्रतिरोधक क्षमता कम होना

रक्त विकार के घरेलू उपचार

**1. आंवला**
विटामिन सी के गुणों से भरपूर आंवला का सेवन शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है और नए रक्त बनाता है।

**2. नींबू**
दिन में 3 बार गर्म पानी में नींबू मिलाकर सेवन करें। इससे आपके सभी प्रकार के रक्त विकार दूर हो जाएंगे।

**3. मुनक्का**
25 ग्राम मुनक्के को रातभर भिगो दें। सुबह इसे पीसकर 1 कप पानी में मिलाकर रोजाना पीएं। इससे आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

**4. एलोवेरा**
25 ग्राम एलोवेरा का ताजा रस में 12 ग्राम शहद और आधे नींबू का रस मिलाकर सुबह शाम पीने से रक्त विकार दूर होते है।

**5. करेला**
दिन में 2 बार ताजे केरेले का जूस का सेवन भी सभी प्रकार के रक्त विकारों को दूर करता है।

**6. प्याज**
1/4 कप प्याज के रस में नींबू शहद मिलाकर लगातार 10 दिन तक सेवन करें। यह रक्त विकारों को दूर करके खून साफ करने में मदद करता है।

**7. नीम**
नीम के पत्ते, निम्बोली छाल और जड़ को उबाल कर दिन में 1 बार पीएं। इससे रक्त विकार के साथ आपकी कई समस्याएं दूर हो जाएगी।

# डैंड्रफ हो जाएगा जड़ से खत्म, अपनाएं यह घरेलू नुस्खा

*खूबसूरत, घने और लंबे बाल तो हर लड़की पाना चाहती है। मगर आजकल बालों में होने वाली परेशानियों के कारण बाल झड़ने और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो जाती है। लड़के और लड़कियां दोनों डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते है लेकिन किसी से भी यह समस्या दूर नहीं होती। ऐसे में आज हम आपको डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए एक ऐसा उपाय बताने जा रहें है, जिससे बिना किसी नुकसान के यह समस्या दूर हो जाएगी। तो आइए जानते है डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने का आसान घरेलू तरीका।*

**इसलिए होती है डैंड्रफ की परेशानी**



स्कैल्प में डैड सेल्स जमा होने के बाद वो ड्राय हो जाती है, जिससे सिर में फंग्स और इंफेक्शन हो जाती है। इसके कारण आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में जिंक, ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन्स वाली चीजें शामिल करनी चाहिए।

**डैंड्रफ को दूर करने का घरेलू तरीका**
एक कटोरी में नींबू का रस निकाले लें। इसके बाद इसमें गर्म पानी और सी सॉल्ट मिक्स करें। इस मिक्चर को स्कैलप पर लगाकर मसाज करें और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे बाद बालों को शैम्पू सेधोकर कंडीशनर कर लें। हफ्ते भर इसका इस्तेमाल करने से आपके डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। इसके अलावा आपको यह समस्या दोबारा नहीं होगी।

# एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स लेने से पहले जरूर जानें यह बातें



लड़कियों की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती जाती है उन्हें वैसे ही अपनी ब्यूटी की चिंता भी परेशान करने लगती है। उम्र के हिसाब से चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियो को छुपाने के लिए वह कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती है और इन्हें खरीदने के लिए विज्ञापनों में किए झूठे वादों पर विश्वास कर लेती है। जिसके बाद में उन्हें फायदा होने की बजाए नुकसान झेलना पड़ता है, इसलिए एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले उसके इंग्रेडियंट को ध्यान से जरूर पढ़ लेना चाहिए ताकि कौन-सा इंग्रेडियंट आपके लिए फायदेमंद है और कौन-सा नहीं। जिसे इस्तेमाल करके आपके चेहरे पर किसी तरह का साइड-फैक्ट न हो।

1. मॉश्चराइजिंग ऑयल
अगर आप एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने जा रहे हैं तो सबसे पहले यह देख लें कि उसमें मॉश्चराइजिंग ऑयल है भी कि नहीं। अगर नहीं तो यह फेस पर ग्लो लाने के लिए बिल्कुल भी कारगर नहीं है। चेहरे को मॉश्चराइजिंग करने के लिए जोजोबा ऑयल, कोकोनट ऑयल, अलमंड ऑयल आदि प्रमुख स्त्रोत माने जाते हैं। जिसे इस्तेमाल करके उम्र से ज्यादा जवान दिखा जा सकता है।

2. पैराफिन्स से रहें दूर
एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स खरीदने से पहले यह बात जरूर जान लें कि इसमें पैराफिन्स का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। पैराफिन्स युक्त क्रीम लगाने पर चेहरे पर उसी समय चमक तो जरूर आ जाती लेकिन बाद में इसका नुकसान भी होता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं। जिसके कारण स्किन पर उम्र का असर और ज्यादा दिखने लगता है।

3. रेटिनॉयड्स का रखें ख्याल
इस बात पर ध्यान जरूर दें कि आप जो एंटीएजिंग क्रीम इस्तेमाल कर रही है, वह रेटिनॉयड्स युक्त है भी कि नहीं। इसे विटामिन ए का एक रूप माना जाता है। यह कई तरह की स्किन प्रॉब्लम को ठीक रखता है। इसके इस्तेमाल से फेस पर कील, मुंहासे की समस्या नहीं होती साथ ही में इसे लगाने से चेहरे का ब्लड सकुर्लेशन ठीक रहता है। जिसके कारण स्किन चमकदार, कसी हुई और खूबसूरत दिखती है।


4. किरेटिन
किरेटिन युक्त क्रीम लगाने से चेहरे की डेड स्किन सेल्स हट कर नई और स्वस्थ त्वचा का निर्माण होता है। जिससे आप जवान दिखने लगते है।

5. अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड
अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां और झाइयां हो रही है तो आप अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड युक्त क्रीम इस पर अप्लाई करें। यह चेहरे की डेड स्किन को हटाकर नई स्किन में बदल कर चेहरे पर चमक लाने में काफी मददगार है।

6. कॉपर पेप्टाइड्स
जब आपकी स्किन ढीली पड़ने लगे तो ऐसे एंटी-एजिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जिसमें कॉपर पेप्टाइड्स हो। यह ढीली त्वचा को टाइट करने में काफी मददगार है। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा की झुर्रियां से छुटकारा पाया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




## हिन्दी में भी आएगी प्रियंका चोपड़ा की किताब 'अनफिनिश्ड'?

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी किताब 'अनफिनिश्ड' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस किताब रिलीज होने के कुछ ही दिन के अंदर न्यूयॉर्क टाइम्स बेस्ट सेलर बन चुकी है। इस किताब में प्रियंका चोपड़ा ने अपनी जिंदगी के कई राज खोले हैं। एक्ट्रेस ने इस बायोग्राफी में अपनी जिंदगी से जुड़े कई किस्सों को शेयर किया है और कई ऐसी दिलचस्प कहानियां भी शामिल की हैं जिनके बारे में जानने में फैंस भी खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यही वजह है कि एक्ट्रेस की इस किताब की इतनी ज्यादा चर्चा देखने को मिल रही है और उनके बॉलीवुड फैंस का भी हिन्दी एडीशन के साथ जल्द इंतजार खत्म हो सकता है, जिसका इशारा एक्ट्रेस ने अपने एक पोस्ट में किया है। दरअसल प्रियंका चोपड़ा ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कागज पर हिन्दी में लिख रही हैं, 'अभी बाकी है सफर।' हालांकि उन्होंने इस क्लिप को शेयर करते हुए कुछ भी नहीं लिखा है लेकिन माना जा रहा है कि ये अनफिनिश्ड को हिन्दी में लाए जाने का इशारा है। बता दें कि साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद इतिहास रचने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।





## श्रद्धा कपूर बोलीं- अगर प्रभास करेंगे मुझे शादी के लिए प्रपोज तो कहूंगी...

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने अपना 34वां जन्मदिन मालदीव में मनाया। दरअसल, वह अपने भाई प्रियांक और दोस्त शजा मोरानी की शादी अटेंड करने के लिए गई हुई हैं। वहां से श्रद्धा कपूर के कई वीडियोज सामने आ रहे हैं। मालदीव में ही शादी के सेलिब्रेशन के बीच इन्होंने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया और केक काटा। इस मौके पर श्रद्धा कपूर का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उनसे पूछा गया कि अगर प्रभास उन्हें शादी के लिए प्रपोज करते तो उनका क्या रिएक्शन होता? श्रद्धा कपूर ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अगर ऐसा होता तो मैं कहती कि हमें अनलिमिटेड खाना चाहिए। मुझे खाने का डब्बा चाहिए और खासकर उसमें हैदराबादी बिरयानी होनी चाहिए। यह इंटरव्यू फिल्म 'साहो' के प्रमोशन के दौरान का है। इसमें श्रद्धा कपूर ने यह भी बताया कि वह जब बहुत छोटी थीं तो अक्षय कुमार उनके फेवरेट थे, लेकिन जब थोड़ी बड़ी हुईं तो ऋतिक रोशन उनके फेवरेट बन गए। आज भी वह दोनों को पसंद करती हैं और उनकी फिल्में देखना भी। श्रद्धा कपूर पिछले कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। काफी दिनों से रोहन श्रेष्ठ के साथ उनकी शादी की खबरें वायरल हो रही हैं।



## 'वैरायटी' की लिस्ट में दीपिका पादुकोण का नाम

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और अमेजन प्राइम इंडिया की कमर्शियल हेड अपर्णा पुरोहित को वैरायटी की लिस्ट में जगह मिली है। वैश्विक मनोरंजन में प्रभाव डालने वाली महिलाओं की लिस्ट में भारत से सिर्फ अपर्णा और दीपिका का नाम शुमार है। वैरायटी की लिस्ट का ऐलान सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ वक्त पहले ही हुआ है। बता दें कि अपर्णा को 'तांडव' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिल गई है। शीर्ष कोर्ट ने अपर्णा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है, लेकिन अदालत ने अपर्णा को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। वैरायटी की इस लिस्ट में उन महिलाओं का नाम शुमार किया जाता है जिन्होंने अपने काम के दम पर वैश्विक मनोरंजन जगत पर अपनी छाप छोड़ी है। अपर्णा के नाम के साथ ही 'वुमन ऑफ अमेजन स्टूडियोज' को भी सम्मलित किया गया और कहा गया कि अमेजन स्टूडियोज की अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियों के लिए सभी प्रमुख महिलाएं हैं, और वे दुनिया भर में अग्रणी हैं।